# जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनी बिरसा मुण्डा की जयंती

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 नवम्बर.** जनजाति नायक बिरसा मुण्डा की 150 वी जयंती ग्वालियर जिले में भी हर्षोल्लास के साथ 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाई गई। घाटीगांव में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं सामाजिक न्याय व उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की विशेष मौजूदगी में जिला स्तरीय उत्सव का आयोजन हुआ।

**देश के लिये हुए हर संघर्ष में आदिवासी नायकों का योगदान : नरेन्द्र सिंह**

**आदिवासी संस्कृति की छटा बिखरी, हितलाभ भी बंटे**

इस अवसर पर परंपरागत आदिवासी परिधानों में सजे-धजे जनजाति समुदाय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए आदिवासी संस्कृति की छटा बिखरी। साथ ही इस आयोजन के माध्यम से 2636 आदिवासी परिवारों को पीएम जनमन आवास की चाबियां सौंपी गईं और सरकार की अन्य योजनाओं के तहत जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित हुए। आदिवासी समुदाय के होनहार बच्चों एवं प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार समाज में गैर बराबरी समाप्त कर आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने के लिये कारगर कदम उठाए हैं। जिनकी बदौलत आदिवासी समुदाय भी देश के विकास में बराबरी के साथ सहभागी बन रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा आदिवासी समुदाय के कल्याण एवं आदिवासी क्षेत्रों में हुए क्रांतिकारी विकास को भी रेखांकित किया।

मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार ने जनजाति समाज की भलाई के लिये योजनाबद्ध ढंग से कार्यक्रम लागू किए। विधायक मोहन सिंह राठौर ने कहा कि हाल ही में घाटीगाँव क्षेत्र में 8 करोड़ 64 लाख रुपए की लागत से 134 सीसी रोड मंजूर हुई हैं। इसके अलावा तीन बड़े पहुँच मार्ग व 13 सामुदायिक भवन भी बनाए जा रहे हैं। क्षेत्र में कुल मिलाकर 21 करोड़ 76 लाख रुपए लागत के विकास कार्य सरकार ने मंजूर किए हैं।

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री वन धन विकास केन्द्र, एनआरएलएम, महिला बाल विकास, जनजाति कल्याण इत्यादि विभागों की योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर एवं मंत्री श्री कुशवाह सहित सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सहरिया जनजाति के लोगों ने इस अवसर पर तीर कमान सौंपकर एवं पुष्पाहारों से मुख्य अतिथि श्री तोमर सहित अन्य अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर घाटीगाँव में आयोजित हुए जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में जनजाति समुदाय के छात्र - छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए आदिवासी लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया।

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उदबोधन का सीधा प्रसारण भी हुआ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नर्मदा गुजरात में आयोजित हुए राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी घाटीगांव में आयोजित हुए कार्यक्रम में हुआ। इसी तरह राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में जबलपुर में आयोजित हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी हुआ।



### 'एक पेड़ शबरी माता के नाम' से कलेक्टर ने रोपा पौधा

ग्वालियर 15 नवम्बर. धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान विकासखंड घाटीगांव के ग्राम पार के अंतर्गत शबरी माता मंदिर पहुँचीं। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ शबरी माता के नाम' से मंदिर परिसर में पौधा रोपा। साथ ही इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुए कार्यक्रम में सहभागिता की।

### वैदिक मंत्रोचार के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने नयापुरा में कराया गृह प्रवेश

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती के अवसर पर विकासखंड घाटीगांव के अंतर्गत आदिवासी बस्ती नयापुरा में वैदिक मंत्रोचारों के बीच आदिवासी समुदाय के परिवारों को गृह प्रवेश कराया। उन्होंने श्रीमती सिरदाबाई व मलखान आदिवासी सहित अन्य हितग्राहियों को चाबियां सौंपकर गृह प्रवेश कराया। भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर कुल मिलाकर जिले में 2636 आदिवासी हितग्राहियों को सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया।



## तीर धनुष ले पारंपरिक वेशभूषा में किया नृत्य

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 नवम्बर.** उरांव एवं अन्य आदिवासी समाज संगठन समिति द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती अजाक्स कार्यालय थाटीपुर में मनाई गई। इसमें आदिवासियों ने पारंपरिक तीर धनुष के संधान का साहसिक प्रदर्शन किया। समिति के सचिव रामेश्वर राम पटेल ने बताया कि समारोह में वनांचल के पारंपरिक वाद्ययंत्रों की सुरीली धुनों पर लोकगीत गाते हुए नृत्य किया। पटेल ने कहा, बिरसा मुंडा और उनके समर्थकों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिये थे। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया। इस अवसर पर चनमन भगत, महावीर राम, राखीराम भगतआदि उपस्थित रहे।

### बिरसा मुंडा ने समाज में जगाया स्वाभिमान का भाव : शिवप्रकाश

ग्वालियर 15 नवंबर। भगवान बिरसा मुंडा ने दुर्व्यसनों से रहित जीवन, अंधविश्वास से मुक्ति एवं अपनी भूमि के प्रति स्वाभिमान का भाव जनजाति समाज को सिखाया। यह बात ग्वालियर में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर कहीं। इस अवसर पर शिवप्रकाश प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया एवं जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## लश्कर मंडी के प्रभारी सचिव महेन्द्र मीणा को हटाया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 नवम्बर.** कृषि उपज मंडी लश्कर के प्रभारी सचिव एवं मंडी निरीक्षक महेन्द्र सिंह मीणा को इस दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा लिखे गए पत्र के आधार पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है।

**कलेक्टर के प्रतिवेदन पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने की कार्रवाई**

ज्ञात हो बीते रोज कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कृषि उपज मंडी लश्कर का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर में हो रही धान खरीदी एवं यहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया था। साथ ही धान बेचने आए किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्यायें भी सुनीं थीं। कलेक्टर ने मंडी परिसर में मिली अव्यवस्थाओं व अनियमितताओं एवं किसानों के लिये मूलभूत सुविधाओं के अभाव का उल्लेख करते हुए प्रभारी मंडी सचिव महेन्द्र सिंह मीणा को हटाने के लिये राज्य कृषि विपणन बोर्ड को पत्र लिखा था। इस परिपालन में कृषि विपणन बोर्ड द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। कृषि विपणन बोर्ड ने आंचलिक कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ आलोक वर्मा को तात्कालिक रूप से कृषि उपज मंडी लश्कर के सचिव का दायित्व सौंपा है।

## अब जिले के हर वोटर के हाथ में होगा एसआईआर का फॉर्म

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 नवम्बर.** ग्वालियर जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में गणना प्रपत्र वितरण का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। कुल मतदाताओं के अनुपात में 98.64 प्रतिशत गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। शनिवार 15 नवम्बर तक कुल मिलाकर 16 लाख 27 हजार 477 मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुँच चुके हैं। बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं। ज्ञात हो जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 16 लाख 49 हजार 943 है। ईएफएस डिजिटाइजेशन का काम तेजी से कराने के लिये बीएलओ को मास्टर ट्रेनर द्वारा विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को तेजी के साथ ईएफएस डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्वालियर जिले में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य जारी है। बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म वितरण व प्राप्त करने के साथ-साथ ईएफएस डिजिटाइजेशन का कार्य भी किया जा रहा है। वर्ष 2003 में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य बीएलओ कर रहे हैं। बीएलओ फॉर्म डिजिटलाइजेशन और गणना पत्रक भरवाने का काम सही-सही करा सकें। इस उद्देश्य से उन्हें प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को डबरा में मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को प्रशिक्षित किया गया। नागरिकों से अपील की गई है कि बीएलओ द्वारा दिए जा रहे गणना पत्रक में सही-सही जानकारी भरें। यदि फॉर्म भरने में कोई समस्या आए तो अपने बीएलओ से सहयोग लें। बीएलओ द्वारा गणना फॉर्म का वितरण एवं भरे हुए फॉर्म का संग्रहण कार्य 4 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा।

### विधानसभा क्षेत्रवार गणना फॉर्म वितरण की स्थिति

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल बनवारिया ने बताया कि जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 14 ग्वालियर ग्रामीण में अब तक 2 लाख 57 हजार 873 मतदाताओं में से 2 लाख 55 हजार 366 मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 15-ग्वालियर में 3 लाख 6 हजार 123 मतदाताओं में से 02 लाख 93 हजार 547, विधानसभा क्षेत्र 16-ग्वालियर पूर्व में 3 लाख 28 हजार 461 मतदाताओं में से 3 लाख 25 हजार 07, विधानसभा क्षेत्र 17-ग्वालियर दक्षिण में 2 लाख 61 हजार 767 मतदाताओं में से 2 लाख 59 हजार 175, विधानसभा क्षेत्र 18-भितरवार के 2 लाख 49 हजार 61 मतदाताओं में से 2 लाख 47 हजार 952 एवं विधानसभा क्षेत्र 19-डबरा (अजा) के 2 लाख 46 हजार 658 मतदाताओं में से 2 लाख 46 हजार 430 मतदाताओं तक गणना प्रपत्र पहुँच चुके हैं।



## पार्षद धर्मेंद्र किरण वर्मा ने बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 नवम्बर.** रेल्वे कन्या उच्चतर शासकीय माध्यमिक विद्यालय पर बड़े धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया बाल दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी चतुर्वेदी कन्या माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेणी क्षेत्रीय पार्षद किरण धर्मेंद्र वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे और बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रम अपने-अपने फैशन डिजाइनर ड्रेस पहनकर बच्चों ने डांस प्रतियोगिता में भाग लिया बाई स्कूल प्रबंधन के द्वारा बच्चों को भोजन प्रसादी भी वितरण की गई एवं तरह-तरह के संस्कृत कार्यक्रम किए गए ब बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किए गए ।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल आज आएंगे

**ग्वालियर 15 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल 16 नवंबर को प्रातः 9.15 बजे वंदेभारत एक्सप्रेस से ग्वालियर आ रहें हैं । यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने दी। श्री राजौरिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं से रेलवे स्टेशन पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल के स्वागत की अपील की है।

## पंचकल्याणक के पांचवे दिन 24 तीर्थंकर मुनि सागर की हुई आहारचर्या

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 15 नवम्बर.** फूलबाग मैदान अयोध्या नगरी में आचार्यश्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में श्री चौबीसी तीर्थंकर जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ के दौरान आज शनिवार को महोत्सव में 24 तीर्थंकर मुनिराजों का प्रथम बार आहारचर्या के साथ ज्ञान कल्याणक मनाया गया। वही आचार्य श्री ने प्रतिमाओं को दिया सूरि मंत्र, वही समवशरण में खिली भगवान की दिव्य ध्वनि। वही शाम को दो दीक्षार्थियों की बिनौली निकली और गोद भराई की गई।

गोपाचल पर्वत लायंस पार्क के पास आहारचर्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचकल्याणक में चौबीस तीर्थंकर मुनिराजों की दीक्षा के उपरांत मुनिराजों का प्रथम बार आहार (भोजन) का दिन आता है और चौबीस तीर्थंकर मुनिराज एक साथ आहार के लिए नगरी में पहुंचते हैं। चौबीस मुनिराज की अगवानी के लिए खंडे लोगों ने एक स्वर में बोला हे स्वामी.. नमोस्तु नमोस्तु...अत्रो अत्रो...यह सुनकर मुनिराज आहार की विधि मिल जाने पर नवधा भक्ति के साथ प्रथम आहार सुभाष जैन ओर पंकज जैन राजू जैन परिवार ने इच्छु गन्ने का रस ओर खीर आहार दिया। वही मुनिराजों को आहार देने के लिए सैकड़ों महिला पुरुष के एक-एक करके लाइन में आ रहे थे और आहार दान दे रहे थे। वही आचार्य श्री ओर मुनिराजों की भी आहारचर्या महिला ओर पुरुषों ने करवाई।



महोत्सव में भव्य समवशरण की रचना कि गई। समवशरण में गणधर के रूप में आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ने दिव्यध्वनि में बोले हुऐ कहा कि भगवान के उपदेश देने की सभा को समवशरण कहते है। जहां पर सभी को समान रूप से आत्म कल्याण का अवसर प्राप्त होता है। मनुष्य, देव एवं निर्भय सभी भगवान का इतना प्रभाव रहता है कि गाय और शेर, सांप, नेवला अपने बैर भाव को भूल जाते है। वही नगरी के लोगो की जिज्ञासाओं का समाधान आचार्यश्री ने किए।

### प्रतिमाओं को सूरिमंत्र देकर किया प्राणप्रतिष्ठा क्रियाएं

आचार्यश्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य आशीष भैयाजी के मार्ग दर्शन में पंचकल्याणक महोत्सव में 24 तीर्थंकर भगवान की प्रतिमाओं में भगवान आदिनाथ, पार्श्वनाथ, महावीर स्वामी, नेमीनाथ आदि प्रतिमा और अन्य प्रतिमाओ को सूरि मंत्र कर उनको केवल ज्ञानोत्पति कर प्राण प्रतिष्ठा क्रियाएं की गई।

### आज मोक्ष कल्याणक के साथ शांति यज्ञ ओर जैनेश्वरी दीक्षा होगी

महोत्सव के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि 16 नववर रविवार को प्रात 6 बजे से जाप्य, नित्य नियम पूजन, अभिषेक के उपरांत सिद्धत्व का मोक्ष गमन, निर्वाण कल्याणक, एवं विश्वशांति महायज्ञ होगा। वही सुबह 09 बजे से दो दीक्षार्थियों की जैनेश्वरी दीक्षा होगी। गजरथ रथयात्रा पंडाल की पांच फेरी के साथ संपन्न होगा।

### विधायक सिकरवार व पूर्व विधायक गोयल ने दर्शन किए

पंचकल्याणक महोत्सव में विधायक सतीश सिकरवार, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, चैंबर आफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने आचार्यश्री सुबल सागर महाराज के दर्शन करने के साथ श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। वही अतिथियों का सम्मान समिति के अध्यक्ष मनोज जैन, महामंत्री बालचंद्र जैन, विनय कासलीवाल, पवन जैन पत्रकार, वीरेंद्र बाबा, प्रमोद जैन आदि ने तिलक दुपट्टा उड़कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## कैट विजनिस डबलपमेंट ऑर्गनाइजेशन करेगा प्रतिमाह विजनिस इन्स्ट्रक्शन सेशन

**ग्वालियर 15 नवम्बर.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसाय की उन्नति के लिये एक विशेष समूह तैयार किया गया है जो प्रत्येक माह देश के ख्याती प्राप्त उद्योगपतियों को आमंत्रित कर इन्स्ट्रक्शन शेषन आयोजित करेगा । गत दिवस नई दिल्ली में विजनिस डबलपमेंट ग्रुप के सदस्यों ने प्रवीन खण्डेलवाल जी से मुलाकात की और दिल्ली के उद्योगपतियों को ग्वालियर में आमंत्रित करने का आग्रह पत्र सौपा। उन्होने कहा कि ग्वालियर अंचल में व्यापार और उद्योग की संभवनाओं की एक मंच पर व्याख्या करते हेुय कैट नई दिल्ली एवं देश के अन्य उद्योगपतियों को आमंत्रित करेगा। प्रवीन खण्डेलवाल जी ने निकट भविष्य में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद नई दिल्ली बांसुरी सुराज जी से फोन पर चर्चा की, उन्हें ग्वालियर आमंत्रित किया और टीम को शीघ्र ही अतिथियों से मिलने का समय देने का निवेदन किया। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन की विशेष उपस्थिति में समन्वयक जयसंचेती, विकास हरलालका,उदित चतुर्वेदी, प्रवीन भारद्वाज ने विस्तार से कैट विजनिस डबलपमेंट ग्रुप के साथ चर्चा की।









### खोया पर्स मिलते ही खिला चेहरा महिला बोली- धन्यवाद साहब

**ग्वालियर।** श्रीमती कुसुम बाथम पत्नि बलराम बाथम काल्पी ब्रिज से बारादरी चौराहा की ओर ई-रिक्शा से जा रही थीं। उतरते समय उनका पर्स ई-रिक्शा में ही छूट गया है. मुरार थाना प्रभारी मैना पटेल ने एक टीम गठित कर जनभागीदारी से थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर संबंधित ई-रिक्शा की तलाश शुरू कराई। थाना मुरार पुलिस ने चालक से संपर्क स्थापित किया। ई-रिक्शा चालक को थाना बुलवाकर कुसुम बाथम को उनका पर्स संपूर्ण सामान, महत्वपूर्ण दस्तावेज व नगदी सहित सुपुर्द किया गया।

**IN THE COURT OF III CIVIL JUDGE CLASS-I, DISTRICT COURT, GWALIOR**

**Presiding Officer: सक्षम नरूला**

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु (COMMS/0000052/2020)**

**Process ID-8/2025 कैनरा बैंक...............वादी** पेशी दिनांक: 26/11/2025

vs

**फ्यूचर मिनरल आर.ओ. सिस्टम द्वारा प्रो. महेन्द्र सिंह राजपूत.......प्रतिवादी**

प्रेषिती- (1) फ्यूचर मिनरल आर.ओ. सिस्टम द्वारा प्रो. महेन्द्र सिंह राजपूत पिता श्री अमर सिंह, पता- तृतीय तल बड़ा दीप सिंह टॉवर फालका बाजार लश्कर जिला ग्वालियर, 6 इन्द्रमणी नगर मेला ग्राउण्ड के पास जिला ग्वालियर

यह कि प्रार्थी **केनरा बैंक** ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **13 नवम्बर 2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**न्यायाधीश, (सक्षम नरूला)** तृतीय व्यवहार वरिष्ठ खण्ड, ग्वालियर (म.प्र.)

नोट: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**कार्यालय सिविल सर्जन एवं सचिव रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय मुरार ग्वालियर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

रोगी कल्याण समिति मुरार द्वारा शहरी परिवार कल्याण केन्द्र थाटीपुर/ हनुमान चौराहा ग्वालियर में निर्मित दुकानों का 05 वर्षों के लिये अस्थाई रूप से किराये पर दिए जाने हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। दुकानों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रमांक | दुकान का विवरण | निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली धरोहर राशि | मसिक लायसेंस शुल्क (किराया राशि) | आरक्षण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श.प.क. केन्द्र थाटीपुर भूतल (7-दुकान) साईज-14.07 वर्गमीटर प्रत्येक दुकान भवन की दशा-सुदृढ़ एवं अच्छी दुकान क्रमांक - 2 | रू. 72,348.00 प्रत्येक दुकान | रू. 4070.00 प्रतिमाह प्रति दुकान | अनारक्षित |
| 2. | हनुमान चौराहा भूतल (कुल 13 दुकानें) साईज 15.20 वर्गमीटर प्रत्येक भवन की दशा-नवीन भवन दुकान क्रमांक 1 एवं 9, दुकान क्रमांक 2 एवं 10 दुकान क्रमांक 3 दुकान क्रमांक -4 दुकान क्रमांक -5 दुकान क्रमांक -6,7,8,11,12 एवं 13 | रू. 1,06,400.00 प्रत्येक दुकान | रू. 6,000.00 प्रतिमाह प्रति दुकान | अ.जा./ ज.जा. अन्य पिछड़ा वर्ग विधवा/परित्यकता/विकलांग भूतपूर्व सैनिक / स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षित बेराजगार महिला अनारक्षित |

इच्छुक निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं शर्तें विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक 06.12.2025 से तक कार्यालयीन कार्य दिवसों एवं समय में रोगी कल्याण समिति मुरार ग्वालियर में रू. 1000 जमाकर प्राप्त कर सकते है। भरी हुई निविदाएं दिनांक 08.12.2025 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी। तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 09.12.2025 को दोपहर 01:00 बजे निविदादाताओं एवं समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदाएं खोलते समय निविदाकार अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकता है। इस हेतु प्रथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी। दुकानों के आवंटन में नियमानुसार आरक्षण रहेगा।

G-21523/25

**सिविल सर्जन एवं सचिव रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय मुरार ग्वालियर**




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95